दिनांक : 13.05.2024 समय : 02.10pm

प्रादेशिक समाचार एकांष

आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

सीबीएसई- 12वीं रिजल्ट

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड-सीबीएसई ने आज दसवीं और बारहवीं कक्षा के नतीजे घोषित कर दिए। सीबीएसई ने एक बयान में कहा है कि 12वीं कक्षा में कुल 87 दशमलव नौ-आठ प्रतिशत छात्र परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। यह प्रतिशत पिछले वर्ष की तुलना में शून्य दशमलव छह-पांच प्रतिशत अधिक है। 24 हजार से अधिक उम्मीदवारों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं और एक लाख 16 हजार से अधिक छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। लड़कियों का उत्तीर्ण प्रतिशत लड़कों की तुलना में छह दशमलव चार-शून्य प्रतिशत अधिक है। कक्षा 12वीं की परीक्षा के लिए कोई मेरिट सूची घोषित नहीं की जाएगी। बोर्ड ने 10वीं कक्षा के नतीजों की घोषणा www.cbseresults.nic.in, www.cbse.gov.in के साथ-साथ डिजिलॉकर और उमंग ऐप पर भी की है।

लोकसभा चुनाव-चौथा चरण

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में आज नौ राज्यों और एक केन्द्रशासित प्रदेश के 96 निर्वाचन क्षेत्रों में वोट डाले जा रहे हैं। इनमें आंध्र प्रदेश की 25 सीटें, तेलंगाना की 17, उत्तर प्रदेश की 13, महाराष्ट्र की 11, मध्य प्रदेश तथा पश्चिम बंगाल की आठ-आठ, बिहार की पांच और झारखंड तथा ओडिशा की चार-चार सीटें शामिल हैं। केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की एक सीट के लिए भी आज वोट डाले जा रहे हैं। इस चरण में कुल एक हजार सात सौ 17 उम्मीदवार चुनाव मैदान हैं। प्रमुख उम्मीदवारों में केन्द्रीय मंत्री तथा भाजपा नेता गिरिराज सिंह, अर्जुन मुण्डा, जी. किशन रेड्डी, अजय कुमार मिश्र, समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव, कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी, तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा तथा शत्रुघ्न सिन्हा और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के असदुद्दीन ओवैसी शामिल हैं।

मतदान प्रदेश

प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों पर सुबह सात बजे से मतदान जारी है । देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, इंदौर, खरगौन और खंडवा सीट पर मतदान शांतिपूर्ण तरीके से जारी है। चुनाव आयोग के अनुसार अभी तक प्रदेश में 50 प्रतिशत मतदान हो चुका है। इनमें सर्वाधिक देवास में 52.11प्रतिशत मतदान हुआ वहीं इंदौर में सबसे कम 38.60 प्रतिशत वोट डाले गए है। उज्जैन में 49.71 प्रतिशत, मंदसौर में 50.39 प्रतिशत, रतलाम 51.13 प्रतिशत, धार 49.37 प्रतिशत, खरगौन में 51.48 प्रतिशत और खंडवा 48.15 प्रतिशत मतदान हो चुका है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि चौथे चरण के चुनाव में 74 पुरुष और 5 महिलाओं सहित कुल 69 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें सबसे ज्यादा 14 प्रत्याशी इंदौर में और सबसे कम 5 उम्मीदवार खरगौन सीट पर है।

हमारे संवाददाताओं ने बताया कि सुबह से ही मतदान केन्द्रों पर लंबी कतारे देखी जा रही है। तेज गर्मी को देखते हुए मतदान केंद्रों पर कई इंतजाम किए गए हैं। साथ ही मतदान प्रतिशत बढाने के लिए भी कई आकर्षक योजनाएं बनाई गई हैं। आगरमालवा में आज हो रहे मतदान में नगरीय क्षेत्र के मतदान केन्द्रों पर जिला प्रशासन द्वारा आकर्षक इनामी योजना रखी गई है। योजना के अंतर्गत प्रथम 100 मतदाताओं के इनामी कूपन बॉक्स में डाले जाएगें तथा शाम 6 बजे मतदान समाप्ति अवसर पर मतदान दल द्वारा तीन विजेताओं का चयन किया जाएगा। इंदौर में आज सुबह 56 दूकान पर मतदाताओं के लिए निशुल्क नाश्ते की व्यवस्था की गई थी।

मौसम

राजधानी भोपाल समेत प्रदेश के कई जिलों में कल रात तेज बारिश हुई। कुछ जिलों में ओले भी गिरे। मौसम विभाग ने आज मालवा-निमाड़ के जिलों में तेज बारिश की संभावना जताई है। बड़वानी, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर में के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।जानकारी के अनुसार धार जिले में तेज बारिश के साथ ओले भी गिरे। छिंदवाड़ा, मंदसौर, देवास, पांढुर्णा, शिवपुरी समेत कई जिलों में बारिश हुई। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर में आज भी बादल छाए हुए है। मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ की वजह से 15-16 मई तक ऐसा ही मौसम रहेगा।

आईपीएल-क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में आज गुजरात टाइटंस का मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। मैच शाम साढे सात बजे से अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा।

कोलकाता नाइट राइडर्स ने शनिवार को मुंबई इंडियंस पर आसान जीत दर्ज की और प्ले ऑफ में स्थान पक्का कर लिया। जबकि गुजरात टाइटंस ने शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स को हराया था। जिसके बाद वह अंतिम चार की दौड़ में बनी हुई है।

कल रात बंगलुरू में रॉयल चैलेंजर्स बंगलोर में डेल्ही कैपिटल्स को 47 रन से मात दी और प्ले ऑफ में पहुंचने की उम्मीदें बरकरार रखी। आरसीबी अंक तालिका में बारह अंकों के साथ पांचवें स्थान पर आ गया है जबकि डेल्ही कैपिटल्स छठे स्थान पर खिसक गया है।

कल के दूसरे मैच में चेन्नई सुपर किंग्स ने राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से हराया। जिससे चैन्नई की टीम तीसरे नम्बर पर पहुंच गई।

अब कुछ समाचार संक्षेप में-

- डिंडोरी कलेक्टर ने 26 मई को जिला डिंडोरी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले आयुर्वेदिक स्वास्थ्य कैंप के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की और आवश्यक निर्देश दिए । इस स्वास्थ्य कैंप का उद्देश्य आयुर्वेद पद्धति से उपचार की जानकारी आमजनों तक देना है।
- छिंदवाड़ा जिले में चने का समर्थन मूल्य से ज्यादा होने के कारण खरीदी पर असर पड़ा है। वहीं बाजार में पहले से सरसों के दाम गिरने से सरकारी खरीदी पर ज्यादा जोर है। अब तक जिले में 40 हजार क्विंटल सरसों की खरीदी हो चुकी है।